आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 26.07.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- देश आज करगिल विजय दिवस मना रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने करगिल युद्ध शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।
- शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा– सरकार, राज्य की युवा पीढ़ी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नवाचार आधारित कौशल और रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।
- त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के अंतर्गत दूसरे चरण के मतदान के लिए चुनाव प्रचार आज शाम थम जाएगा। 28 जूलाई को होगी वोटिंग।
- प्रदेश में मॉनसून सक्रिय। मौसम विभाग ने आज देहरादून, उत्तरकाशी, चंपावत व नैनीताल जिलों में तेज बारिश की चेतावनी जारी की है।

करगिल विजय दिवस

देश आज करगिल विजय दिवस मना रहा है। यह दिवस 1999 में पाकिस्तान के खिलाफ हुए करगिल युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों की स्मृति में मनाया जाता है।

शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले, वतन पर मरने वालों का यही बाकी निशां होगा। करगिल विजय दिवस पर देश आज मां भारती के उन वीर सपूतों को याद कर रहा है जिन्होंने वर्ष 1999 में हुए भारत–पाकिस्तान युद्ध में अपने प्राण न्यौछावर किए। यह दिन करगिल युद्ध में पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन विजय की सफलता का प्रतीक है। इस ऑपरेशन में, भारतीय सशस्त्र बलों ने जम्मू–कश्मीर के करगिल में उन क्षेत्रों पर दोबारा नियंत्रण स्थापित किया था, जहाँ पाकिस्तानी सैनिकों और आतंकवादियों ने घुसपैठ की थी। लगभग 60 दिनों तक चले करगिल युद्ध का अंत आज ही के दिन हुआ था। करगिल में हिमालय की ऊंची पर्वत चोटिंया भारत के वीर जवानों के शौर्य और पराक्रम के आगे बौनी पड़ गईं जब देश के वीर जवानों ने पाकिस्तानी सेना को मुंहतोड़ जवाब दिया और युद्ध में भारत की जीत का परचम लहरा दिया। आकाशवाणी की ओर से उन वीर जवानों को सादर नमन और श्रद्धांजलि जिन्होंने राष्ट्र हित में सर्वोच्च बलिदान दिया।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने करगिल युद्ध शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विजय दिवस पर कहा कि यह अवसर उन वीर सपूतों के अद्वितीय साहस और पराक्रम की याद दिलाता है, जिन्होंने राष्ट्र के गौरव की रक्षा के लिए जीवन समर्पित किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विजय दिवस पर देश की अखंडता और अस्मिता की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर सपूतों को नमन करते हुए कहा कि यह दिवस केवल एक युद्ध की विजय नहीं, बल्कि भारत के वीर सपूतों के शौर्य, त्याग और राष्ट्रसेवा की अमर गाथा है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता।

करगिल विजय दिवस पर प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा है कि सरकार राज्य की युवा पीढ़ी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नवाचार आधारित कौशल और रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। डॉ. रावत ने देहरादून में आयोजित उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में यह बात कही। बैठक में उन्होंने उच्च शिक्षा को और अधिक प्रभावी, समसामयिक और नवाचार युक्त बनाने के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर संबंधित अधिकारियों के साथ विस्तार से विचार–विमर्श किया।

साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन की प्रगति, राज्य में नए महाविद्यालयों की स्थापना की संभावनाओं, देवभूमि उद्यमिता विकास कार्यक्रम और अन्य नवाचार गतिविधियों पर भी चर्चा की।

इससे पहले, डॉ रावत ने शासकीय आवास पर आयोजित बैठक में चिकित्सा शिक्षा को और अधिक आधुनिक, सुलभ और जनकल्याणकारी बनाने को लेकर चर्चा की।

इस दौरान उन्होंन डिजिटल डिग्री वितरण के लिए डिजिलॉकर व्यवस्था लागू करने, 'ई–ग्रंथ' डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना जैसे अनेक नवाचारों को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव

प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन–2025 के अंतर्गत दूसरे चरण के मतदान के लिए चुनाव प्रचार आज शाम थम जाएगा। इस बीच, राजनीतिक दल पूरे जोर–शोर से चुनाव प्रचार में जुटे हैं। उम्मीदवार गांव–गांव जाकर प्रचार कर मतदाताओं को अपने पक्ष में करने में लगे हुए हैं।

दूसरे चरण का मतदान 28 जुलाई को सुबह आठ बजे से शुरू होगा। वहीं, आयोग चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण कराने के लिए तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है।

राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव राहुल कुमार गोयल ने बताया कि 24 जुलाई को पहले चरण में 68 फीसदी मतदान हुआ था। जिसके बाद मतपेटियाँ स्ट्रांग रूम में जमा कर दी गयी हैं।

राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार दोनों चरणों की मतगणना और परिणाम 31 जुलाई को घोषित किए जाएंगे।

उधर, पौड़ी जिले में क्षेत्रीय मजिस्ट्रेट ने विकासखण्ड स्तर पर बनाए गए कंट्रोल रूम, स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल, मतदान केंद्रों तथा निर्वाचन सामग्री के भंडारण स्थलों की स्थिति का जायज़ा लिया। उन्होंने मतदान केंद्रों पर बिजली, पानी, शौचालय, बैठने की व्यवस्था, टेंट और छाया की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

बीआईएस

भारतीय मानक ब्यूरो की देहरादून शाखा ने शुक्रवार को हर्रावाला स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में एक क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में मानकीकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। प्रतियोगिता में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसमें खुशी मनवाल ने प्रथम, संजना रांगड़ ने द्वितीय और सोनाक्षी सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में छात्रों को भारतीय मानकों की उपयोगिता से भी अवगत कराया गया।

इस दौरान श्रीदेव सुमन की पुण्यतिथि के अवसर पर बीआईएस द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों व अतिथियों ने मिलकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

मौसम

राज्य में मानसून सक्रिय है। पहाड़ से लेकर मैदान तक रुक–रुक कर हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के अधिकांश जिलों में मूसलाधार बारिश दर्ज की गई। हालांकि, सुबह से राज्य के अधिकांश हिस्सों में बादल छाए हुए हैं और बारिश के आसार बने हुए हैं।

मौसम विभाग ने आज देहरादून, उत्तरकाशी, चंपावत और नैनीताल जिलों में कुछ स्थानों पर बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है, जबकि राज्य के शेष जिलों में भी हल्की बारिश की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक रोहित थपलियाल का कहना है कि राज्य में 27 और 28 जुलाई को तेज बारिश की संभावना है।

27 व 28 जुलाई को नैनीताल, चंपावत, बागेश्वर में मूसलाधार बारिश का ऑरेंज अलर्ट और देहरादून, टिहरी, पौड़ी, पिथौरागढ़ जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान लोगों से अनावश्यक यात्रा से बचने और नदी–नालों से दूर रहने का आग्रह किया गया है। साथ ही, खराब मौसम की स्थिति में सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी गई है।

ट्रांसपोर्ट नगर निरीक्षण

कुमाऊँ मंडल के आयुक्त दीपक रावत ने हल्द्वानी स्थित ट्रांसपोर्ट नगर का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। श्री रावत ने क्षेत्र में लगातार मिल रही अव्यवस्थाओं की शिकायतों को देखते हुए नगर निगम, परिवहन विभाग, जल संस्थान, विद्युत, एडीबी, जीएसटी और पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ मौके पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

आयुक्त ने स्पष्ट किया कि ट्रांसपोर्ट नगर को व्यवस्थित, सुरक्षित और उपयोगकर्ता–केंद्रित बनाना प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए।